(क) क्या श्री राहुल सांकृत्यायन की जन्मशती मनाने के लिए कोई प्रस्तावित कार्यक्रम हैं ; और

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी केन्द्रों को कोई दिशानिर्देश जारी किए हैं, यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) :(क) और (ख) सभी आकाशवाणी केन्द्रों, विशेषतया हिन्दी क्षेत्र के केन्द्रों को सलाह दी गई है कि राहुल सांकृत्यायन की जन्मशती मनाने के लिए उपयुक्त कार्यक्रम तैयार किए जाएं और इस संबंध में आयोजित सार्वजनिक समारोहों की कवरेज की व्यवस्था की जाय।

दूरदर्शन केन्द्र, लखनऊ को भी सलाह दी गयी है कि महा पंडित राहुल सांकृत्यायन पर वृत्तचित्र तैयार किया जाए।

दूरदर्शन और आकाशवाणी के प्रसारणों का जनता को लाभ

1582. **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोटूभाई पटेल :

क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1992-93 के अंत तक आकाशवाणी और दूरदर्शन के कार्यक्रमों के प्रसारण का लाभ प्रत्येक राज्य के कितने प्रतिशत लोगों को मिलने की संभावना है ;

(ख) क्या देश की सम्पूर्ण जनसंख्या को आकाशवाणी और दूरदर्शन के प्रसारणों की परिधि में लाये जाने का विचार है ;

(ग) यदि हां, तो सरकार ने इस संबंध में क्या कदम उठाए हैं ; और

(घ) इस संबंध में मध्य प्रदेश से संबंधित आंकड़े क्या हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) ब्यौरा विवरण में दिया गया है । (**नीचे देखिये**)।

(ख) और (ग) वर्तमान में चलाई जा रही/आठवीं योजना अवधि के दौरान चलाई जाने वाली दूरदर्शन और आकाशवाणी की विभिन्न परियोजनाओं के शुरू हो जाने पर जनसंख्या की दृष्टि से दूरदर्शन की कवरेज 90 प्रतिशत और रेडियो की कवरेज 97.5 प्रतिशत हो जायेगी ।

(घ) इस समय राज्य की 60.1 प्रतिशत जनसंख्या को दूरदर्शन की और 96.5 प्रतिशत जनसंख्या को रेडियो की कवरेज प्राप्त होती है । कतिपय स्कीम के पूरा हो जाने पर, यह कवरेज बढ़कर क्रमशः 76.5 प्रतिशत और 97 प्रतिशत हो जायेगी।

विवरण

1992-93 के अन्त तक परिकल्पित राज्यवार जनसंख्या कवरेज

		दूरदर्शन	आकाशवाणी
1	2	3	4
1.	**राज्य**		
1.	आंध्र प्रदेश	78.4	99
2.	अरुणाचल प्रदेश	44.4	98
3.	असम	82.8	98
4.	बिहार	91.7	99*

1	2	3	4
5.	गोवा	99.0	99*
6.	गुजरात	77.0	99*
7.	हरियाणा	98.5	99*
8.	हिमाचल प्रदेश	61.9	91
9.	जम्मू और कश्मीर	90.3	94
10.	कर्नाटक	68.7	96
11.	केरल	86.3	95
12.	मध्य प्रदेश	60.1	96.5
13.	महाराष्ट्र	81.7	98.5
14.	मणिपुर	66.4	99*
15.	मेघालय	97.2	96
16.	मिजोरम	72.3	95
17.	नागालैण्ड	69.6	97
18.	उड़ीसा	77.0	98
19.	पंजाब	99.0	99*
20.	राजस्थान	61.5	98.5
21.	सिक्किम	95.0	80
22.	तमिलनाडु	90.1	98.5
23.	त्रिपुरा	93.3	99*
24.	उत्तर प्रदेश	92.4	97.5
25.	पश्चिम बंगाल	96.2	99*
2.	**संघ राज्य क्षेत्र**		
1.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	99.0	80
2.	चंडीगढ़	99.0	99*
3.	दादरा और हवेली	43.6	99*
4.	दिल्ली	99.0	99*
5.	दमन और दीव	99.0	99*
6.	लक्षद्वीप और मिनीकाय द्वीपसमूह	99.0	99*
7.	पांडिचेरी	99.0	99*

* कुछ स्थितियों में विशेष आवश्यकताओं को छोड़कर इन राज्यों में कवरेज सामान्यतया 100 प्रतिशत मानी जा सकती है ।